TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 22 जुलाई

1. **राष्ट्रीय झंडा अंगीकार दिवस–** 22 जुलाई, 1947 ई. को संविधान सभा ने स्वतंत्र भारत के राष्ट्रध्वज को स्वीकार कियां इस ध्वज में तीन रंग पूर्व की तरह केसरिया, श्वेत और हरा था। लेकिन श्वेत पट्टी के मध्य में चरखे की जगह गहरे नीले रंगा का चक्र स्वीकार किया गया। झंडे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया। तिरंगे की लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 है।
   - **संदर्भः** बच्चों को वर्ग आठ की इतिहास की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 12 **राष्ट्रीय आंदोलन** से जोड़कर बतायें।
2. **पाई एप्रोक्सीमेशन डे–** गणित में वृत की परिधि और त्रिज्या का अनुपात $\frac{22}{7}$ माना जाता है। कुछ लोग इसके अंश 22 को महीन की बाइसवां दिन और हर 7 को वर्ष के सातवां माह यानी जुलाई के साथ जोड़कर देखते हैं। इस प्रकार 22 जुलाई को पाई एप्रोक्सीमेशन डे मनाया जाता है। वहीं पाई का दशमलव में मान 3.14... होता है जिसे मार्च महीने के 14 तारीख से भी जोड़ कर देखा जाता है।
   - **संदर्भः** बच्चों को गणित, खासकर वृत की परिधि ज्ञात करने की विधि के दौरान उपयोग में आने वाली सूत्र से जोड़कर बतायें।
3. **गायक मुकेश का जन्म–** प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश का जन्म 22 जुलाई, 1923 ई. को हुआ था। उनका पूरा नाम मुकेश चंद माथुर था। पार्श्व गायक के तौर पर उन्हें अपना पहला काम 1945 में फिल्म 'पहली नज़र' में मिला। मुकेश ने हिन्दी फिल्म में जो पहला गाना गाया वह था 'दिल जलता है तो जलने दे'। वर्ष 1959 में अनाड़ी फिल्म के 'सब कुछ सीखा हमने' गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायन का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। उनके प्रसिद्ध गानों की लम्बी लिस्ट में 'मेरा जूता है जापानी', 'किसी के मुस्कुराहटों पे हो निसार', 'दोस्त दोस्त ना रहा', 'दुनिया बनाने वाले' आदि प्रमुख हैं।

**"आप अपने को जैसा सोचेंगे, आप वैसे ही बन जाएंगे। यदि आप स्वयं को कमजोर मानते हैं तो आप कमजोर ही होंगे। और यदि आप स्वयं को मजबूत सोचते हैं तो आप मजबूत हो जाएंगे।"**

**–विवेकानन्द**

M o n d a y

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय झंडा अंगीकार दिवस 22 जुलाई




आज भारत के गौरव, तिरंगे का अंगीकरण दिवस है। 22 जुलाई 1947 में भारतीय संविधान सभा की बैठक में तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था, जो 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के कुछ ही दिन पहले हुई थी। तिरंगे का निर्माण करने वाले शख्स का नाम पिंगली वेंकैया है।1921 में पिंगली वेंकैया ने ध्वज का निर्माण किया था। भारत के लिए एक बेहतर ध्वज का निर्माण करना इतना भी आसान नहीं था। पिंगली वेंकैया ने साल 1916 से 1921 तक करीब 30 देशों के राष्ट्रीय ध्वज का अध्ययन किया, जिसके बाद उन्होंने तिरंगे को डिजाइन किया था। वर्तमान में भारत के राष्ट्रीय ध्वज की ऊपरी पट्टी में केसरिया रंग है जो देश की शक्ति और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य का प्रतीक है। निचली हरी पट्टी हरियाली, उर्वरता, वृद्धि और भूमि की पवित्रता को दर्शाती है।2002 से पहले, भारत की आम जनता के लोग केवल गिने चुने राष्ट्रीय त्योहारों को छोड़ सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहरा नहीं सकते थे। लेकिन एक याचिका पर 26 जनवरी 2002 को भारतीय ध्वज संहिता में संशोधन किया गया और स्वतंत्रता के कई वर्ष बाद भारत के नागरिकों को अपने घरों, कार्यालयों और फैक्टरी में न केवल राष्ट्रीय दिवसों पर, बल्कि किसी भी दिन बिना किसी रुकावट के फहराने की अनुमति मिल गई।आजादी से पहले 7 अगस्त 1906 को पारसी बागान चौक, कोलकत्ता में पहला ध्वज फहराया गया था, जिसे उस समय क्रांतिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज की संज्ञा दी थी। इस ध्वज में हरे, पीले और लाल रंग की पट्टियां थी। हरे रंग की पट्टी पर जहां कमल का फूल था, वहीं बीच में पीले रंग पर वंदेमातरम व लाल रंग पर चांद-सूरज बने थे।

# पुण्यतिथि विशेष 22 जुलाई

राकेश कुमार




**यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त** *Jatindra Mohan Sengupta*, जन्म: 22 फ़रवरी, 1885; मृत्यु: 22 जुलाई, 1933) भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक थे। इन्होंने 1909 ई. में इंग्लैंड से अपनी बैरिस्टरी पूर्ण की थी। इन्होंने कोलकाता उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की और साथ ही मज़दूरों के हित के लिए सदैव कार्य करते रहे। यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त को पाँच बार कोलकाता का मेयर चुना गया था। इन्होंने एक अंग्रेज़ युवती नेली सेनगुप्त से विवाह किया था, जिसने देश को स्वाधीन कराने के लिए अपने पति के समान ही जेल की सजाएँ भोगीं।

राकेश कुमार

# श्रावण मास आरंभ विशेष 22 जुलाई




**श्रावण** अथवा **सावन** हिन्दू पंचांग के अनुसार वर्ष का पाँचवा महीना, जो ईस्वी कलेंडर के जुलाई या अगस्त माह में पड़ता है। इसे वर्षा ऋतु का महीना या 'पावस ऋतु' भी कहा जाता है, क्योंकि इस समय बहुत वर्षा होती है। इस माह में अनेक महत्त्वपूर्ण त्योहार मनाए जाते हैं, जिसमें 'हरियाली तीज', 'रक्षाबन्धन', 'नागपंचमी' आदि प्रमुख हैं। 'श्रावण पूर्णिमा' को दक्षिण भारत में 'नारियली पूर्णिमा' व 'अवनी अवित्तम', मध्य भारत में 'कजरी पूनम', उत्तर भारत में 'रक्षाबंधन' और गुजरात में 'पवित्रोपना' के रूप में मनाया जाता है। त्योहारों की विविधता ही तो भारत की विशिष्टता की पहचान है। 'श्रावण' यानी सावन माह में भगवान शिव की अराधना का विशेष महत्त्व है। इस माह में पड़ने वाले सोमवार "सावन के सोमवार" कहे जाते हैं, जिनमें स्त्रियाँ तथा विशेषतौर से कुंवारी युवतियाँ भगवान शिव के निमित्त व्रत आदि रखती हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.07.2024

## भाषाई पहचान

भाषाई पहचान एक व्यक्ति की सांस्कृतिक इकाई के रूप में पहचान का एक प्रमुख हिस्सा है। जिस भाषा (भाषाओं) और जुड़ी हुई संस्कृति में कोई व्यक्ति बड़ा होता है, वह परिभाषित करता है कि वह किससे संबंधित हो सकता है। भाषा वास्तव में सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख घटक है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान


Rakesh kumar




केरल में **भारत** का सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट पोर्ट **विझिनजाम पोर्ट** तैयार हो चुका है। राज्य सरकार ने **₹18,000 करोड़** से अधिक के **निवेश** के साथ इस **पोर्ट** की शुरुवात की है।

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक से

**साल 2008 में पहली बार ओलंपिक में शामिल हुआ था टेबल टेनिस**

टेबल टेनिस को ओलंपिक में पहली बार साल 2008 में शामिल किया गया था जिसके बाद से ये खेलों के महाकुंभ का हिस्सा बना हुआ है। वहीं टेबल टेनिस में ओलंपिक में भारत पहली बार टीम इवेंट में क्वालिफिकेशन करने में कामयाबी मिली है जिसमें वर्ल्ड के सिर्फ 16 देशों को ही क्वालीफाई करने का मौका मिलता है। इसमें भारत की पुरुष टीम को लेकर बात की जाए तो उसकी वर्ल्ड रैंकिंग जहां 14 है तो वहीं महिला टीम की रैंकिंग 11 है। इसमें जो सबसे बड़ा नाम है वह मनिका बत्रा का है जिनसे सभी को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। पेरिस ओलंपिक में 27 जुलाई से लेकर 5 अगस्त तक टेबल टेनिस के कुल 5 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा जिसमें मेंस सिंगल्स, महिला सिंगल्स, मेंस टीम इवेंट, वुमेंस टीम इवेंट और मिक्सड डबलस शामिल है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Department of School Education & Literacy
Ministry of Education,
Government of India
सत्यमेव जयते
PM SHRI

## विद्यालयों में

# शिक्षा सप्ताह

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर 22-28 जुलाई 2024 तक विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना

**दिवस 1:दिनांक 22.07.24**
शिक्षण अधिगम सामग्री ( TLM)दिवस

**दिवस 2:दिनांक 23.07.24**
आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता( FLN)दिवस

**दिवस 3:दिनांक 24.07.24**
खेल दिवस

**दिवस 4:दिनांक 25.07.24**
सांस्कृतिक दिवस

**दिवस 5:दिनांक 26.07.24**
कौशल दिवस
शिक्षा में प्रौद्योगिकी दिवस

**दिवस 6:दिनांक 27.07.24**
'मिशन जीवन' के लिए Eco club दिवस

**दिवस 7:दिनांक 28.07.24**
समुदाय की भागीदारी दिवस

Created by- Ravi Sharma

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
टीचर्स ऑफ़ बिहार द्वारा शिक्षाहित में प्रेषित
www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

**फिल्मफेयर पुरस्कार एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित पार्श्व गायक**

# मुकेश चन्द्र माथुर

**की जयंती पर सादर नमन।**

**22 जुलाई 1923-27 अगस्त 1976**

www. teachersofbihar.org

Madhu priya


22 जुलाई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
JAI
HIND
राष्ट्रीय झंडा अंगीकार दिवस
की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

22 जुलाई 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

तोड़ना और नष्ट करना आसान है। नायक वो हैं जो शांति स्थापित करते हैं और निर्माण करते हैं।

**नेल्सन मंडेला**



राकेश कुमार